रिपोर्ट

[1Pl 3/48 UP NCC COY]

राजेंद्र नाथ लाहिड़ी शहीद दिवस पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशां होगा। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान काकोरी काण्ड एक महत्वपूर्ण घटना है और इस घटना में शामिल क्रांतिकारियों में अमर शहीद राजेंद्र नाथ लाहिड़ी का योगदान कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता है। इसलिए लाहिड़ी जी के शहीद दिवस पर श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा ने 17.12.2022 को प्रभात फेरी का आयोजन करके अमर शहीद को विनम्र श्रद्धांजलि देने का एक प्रयास किया जिसमें महाविद्यालय एनसीसी इकाई के कैडेट्स ने पूर्ण मनोयोग से प्रतिभाग किया।

यह प्रभात फेरी महाविद्यालय परिसर से चलकर, लखनऊ रोड होते हुए जिला जेल स्थित तत्कालीन फांसी स्थल तक पहुंची जहां हजारों की संख्या में राष्ट्र प्रेमी जनता ने पहुंचकर अमर शहीद राजेंद्र नाथ लाहिड़ी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस रैली में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो रवींद्र कुमार, प्रो शैलेंद्र नाथ मिश्र, प्रो बी पी सिंह, प्रो शिव शरण शुक्ला, प्रो आरबीएस बघेल, प्रो विजय कुमार अग्रवाल, प्रो संदीप कुमार श्रीवास्तव, प्रो जय शंकर तिवारी, प्रो अमन चंद्रा, डा चमन कौर, डा अवधेश वर्मा, डा परवेज आलम, श्री पवन सिंह, डा देव नारायण पाण्डेय, डा अरुण प्रताप सिंह, डा ममता शुक्ला, डा दिलीप शुक्ला, डा रवि प्रकाश ओझा, डा बी बी विश्वकर्मा, डा घनश्याम द्विवेदी, डा प्रियंका श्रीवास्तव, डा स्मृति शिशिर आदि प्राध्यापकों के साथ साथ एनसीसी कैडेट्स में नवीन सिंह, कुलदीप शुक्ला, अभिषेक सोनी, मो हुसैन, अमरदीप पाण्डेय, अभय शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, जितेंद्र यादव, अतुल सिंह, शिवाकांत, लवकुश कुमार, वारिस अली, मंदीप यादव, अंशु शुक्ला, वंशिता शुक्ला, साक्षी सिंह, हर्षिता मिश्रा आदि कैडेट उपस्थित रहे।

जय हिन्द।

---केयर टेकर

एन.सी.सी. उप-इकाई

IAS/PCS
SSC-GD,TET
UPP/SSC
स्कालर कोचिंग सेन्टर
राष्ट्रीय कैडेट कोर
काकोरी काण्ड में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वीर क्रांतिकारी
राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी
के शहीद दिवस पर
राष्ट्रीय सेवा योजना
श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोण्डा

राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी

IQAC
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda